प्रेषक,

अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
उन्नाव।

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

पत्रांक– 2925 / W-1-A / 50 दिनांक– 03/10/2026

विषयः–दैनिक समाचार पत्र "अमर उजाला" के उन्नाव संस्करण में दिनांक 03.10.2026 को प्रकाशित ""कागजों में सड़के चकाचक...गड्ढों में गिरते–पड़ते सफर'' शीर्षक खबर के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक **दैनिक समाचार पत्र "अमर उजाला"** के उन्नाव संस्करण में दिनांक **03.10.2026 को प्रकाशित ""कागजों में सड़के चकाचक...गड्ढों में गिरते–पड़ते सफर"** नामक खबर के सम्बन्ध में अवगत कराना है केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन ''हर घर जल'' के फेज–IV के अन्तर्गत जनपद उन्नाव के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद उन्नाव के ग्रामीण क्षेत्रों में सतहीं स्रोत आधारित पाइप पेयजल परियोजनाओं के कार्य प्रस्तावित हैं। योजनान्तर्गत क्लस्टर– A की भौतिक प्रगति 41.30 प्रतिशत एवं क्लस्टर– B की भौतिक प्रगति 41.80 प्रतिशत है। योजना दिनांक 31.03.2028 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन को जे0जे0एम0–2.0 के रुप में दिसम्बर, 2028 तक विस्तारित किया गया है।

उक्त खबर के सम्बन्ध में आख्या पत्र के साथ संलग्न कर सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(अजीत कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 व दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेजयल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, उन्नाव।
3. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
5. अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति), उन्नाव।
6. मेसर्स मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता

दैनिक समाचार पत्र "अमर उजाला" के उन्नाव संस्करण में दिनांक 03.10.2026 को प्रकाशित ""कागजों में सड़के चकाचक...गड्ढों में गिरते–पड़ते सफर''नामक खबर के सम्बन्ध में आख्या।

कार्यालय का नामः– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव।

शिकायत का विवरण

आख्या

दैनिक समाचार पत्र "अमर उजाला" के उन्नाव संस्करण में दिनांक 03.10.2026 को प्रकाशित ""कागजों में सड़के चकाचक.... गड्ढों में गिरते–पड़ते सफर'' नामक खबर के सम्बन्ध में अवगत कराना है केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन "हर घर जल" के फेज–IV के अन्तर्गत जनपद उन्नाव के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद उन्नाव के ग्रामीण क्षेत्रों में सतहीं स्रोत आधारित पाइप पेयजल परियोजनाओं के कार्य प्रस्तावित हैं। योजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यों के कार्य प्रारम्भ का दिनांक 27.07.2023 एवं योजना को दिनांक 31.03.2028 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। योजनान्तर्गत जनपद उन्नाव की 1037 ग्राम पंचायतों में सम्मिलित समस्त 1673 ग्रामों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु दो भागो मे विभक्त करते हुए क्लस्टर 'ए' (कार्यलागत–रू0 1584.47 करोड़) के अन्तर्गत 917 राजस्व ग्रामों एवं क्लस्टर 'बी' (कार्यलागत–रू0 1357.50 करोड़) के अन्तर्गत 756 राजस्व ग्रामों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु कार्यो का विवरण एवं प्रगति निम्नवत है–

	उन्नाव सतही स्रोत आधारित पेयजल योजना (क्लस्टर–ए)		उन्नाव सतही स्रोत आधारित पेयजल योजना (क्लस्टर–बी)	
कम्पोनेन्ट	कुल कम्पोनेन्ट्स	कार्य की प्रगति	कुल कम्पोनेन्ट्स	कार्य की प्रगति
इण्टेकवेल	01 No. (359MLD)	01 WIP (82.20%)	-	-
वाटर ट्रीटमेंट प्लांट	01 No. (170MLD)	01 WIP (60.08%)	01 No. (130MLD)	01 WIP (62.03%)
क्लियर वाटर रिजरवायर	28 Nos.	25 WIP (21.96%)	27 Nos.	27 WIP (30.69%)
ओवर हेड टैंक	239 Nos.	210 WIP (23.05%)	205 Nos.	188 WIP (23.67%)
रॉ वाटर पाइप लाइन	1.10 Km.	0.92km(83.63%)	29.80 Km.	11.30Km. (37.50%)
वितरण पाइप लाइन	6862.46 Km.	3883.02 km (56.36%)	5960.65 Km.	3590.35 km (59.55%)
रोड कटिंग / पुर्नस्थापना	1203.55 Km.	1097.00 km (91.15%)	1211.62 Km.	1142.46 km (94.29%)
गृह नल संयोजन संख्या	265431 Nos.	55906 Nos. (21.06%)	189798 Nos.	47451 Nos. (25.00%)

चयनित एजेन्सी मेसर्स मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ द्वारा वर्तमान में इन्टेकवेल, डब्ल्यू0टी0पी0 (क्लस्टर–बी), डब्ल्यू0टी0पी0 (क्लस्टर–ए), 398 Nos. OHT, 52 Nos. CWR, 190 नग अवर जलाशय की बाउण्ड्रीवाल के कार्य प्रारम्भ कराये गये हैं, 1327 राजस्व ग्रामों में कार्यों को प्रारम्भ कराते हुये लगभग 7473.37 किमी. वितरण प्रणाली का कार्य कराया गया है एवं पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु 2415.17 कि.मी. सड़क काटी गयी जिसके सापेक्ष 2239.46 किमी (92.72%) सड़क पुनर्स्थापना तथा अवशेष सड़क को मोटरेबल करने का कार्य किया गया है, योजनान्तर्गत क्लस्टर– A की भौतिक प्रगति 41.30 प्रतिशत एवं क्लस्टर– B की भौतिक प्रगति 41.80 प्रतिशत है, शेष कार्य प्रगति पर हैं।

समाचार पत्र में उल्लेखित ग्रामों में सड़क पुनर्स्थापना के सम्बन्ध में स्थिति निम्नानुसार है:–

S. No	Block	Village	Laid Pipeline (in KM)	Road cutting (in KM)	Road Restoration (in KM)
1	Auras	Musalwan	4.19	3.40	3.19
2	Auras	Adaora	0.00	0.00	0.00
3	Auras	Gogihar	0.52	0.28	0.00
4	Auras	Chakladu khera	0.40	0.40	0.00
5	Auras	Bhulbhula khera	1.10	0.67	0.00
6	Auras	Jamal Nagar	0.00	0.00	0.00
7	Hasanganj	Ranikhera Khalsa	1.98	0.38	0.16
8	Hasanganj	Rampur Akholi	2.22	1.96	1.66
9	Hasanganj	Rasulpur	5.12	5.05	4.69
10	Asoha	Majharia	3.026	1.979	1.499
11	Asoha	Atarsai	1.222	0.1129	0.925
12	Asoha	Mangat Khera	1.924	0.298	0.298
13	Purwa	Triprarpur	5.60	2.35	2.35
14	Purwa	Bhulemau	2.60	1.48	1.48
15	Purwa	Barwat	3.16	1.53	1.53
16	Purwa	Behta Bhawani	8.73	4.63	4.63
17	Purwa	Pasakhera	5.38	2.75	0.29
18	Purwa	Gokulpur	2.49	0.46	0.41
19	Sikandarpur Karan	Badarka – Chheriha Marg	13.67	9.19	9.09

विकास खण्ड औरास के अन्तर्गत अडौरा एवं जमाल नगर ग्रामो मे पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है तथा विकास खण्ड असोहा अन्तर्गत मंगत खेड़ा ग्राम एवं विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम त्रिपुरारपुर एवं भूलेमऊ व विकास खण्ड पुरवा के अन्तर्गत बरवट, बेहटा भवानी मे पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु काटी गयी सड़क के पुनर्स्थापना का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। विकास खण्ड औरास के अन्तर्गत मुसल्यावां, गोजीहार, चकलाडू खेड़ा, जमाल नगर ग्रामों मे लगभग 02 सप्ताह पूर्व ही पाइप लाइन बिछाने हेतु सड़क काटी गयी है जिसे पाइप लाइन बिछाने के उपरान्त सड़क मार्ग को मोटरेबल कर दिया गया है।

विकास खण्ड हसनगंज के अन्तर्गत रानीखेड़ा खालसा ग्राम में दिनांक 01.10.2026 को पाइप लाइन बिछाने हेतु CC Road पर कार्य प्रारम्भ किया गया था तथा समाचार पत्र में प्रकाशित फोटो भी उसी दिन पाइपलाइन लेइंग हेतु कार्य प्रारम्भ होने के समय की है, वर्तमान में पाइप लाइन बिछाने के उपरान्त सड़क मार्ग को मोटरेबल कर दिया गया है।

सड़क पुनर्स्थापना हेतु अवशेष सड़कों को मोटरेबल करने का कार्य किया गया था, सड़क पुनर्स्थापना से संबंधित अवशेष समस्त मार्गो पर शासन के अभियान चलाकर पूर्ण करने के निर्देशों के क्रम में दिनांक 01.10.2026 से 10.11.2026 तक शत–प्रतिशत सड़क पुनर्स्थापना कार्य पूर्ण कराए जाने हेतु कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। कार्ययोजना के अनुसार संबंधित एजेंसी/कार्यदायी संस्था को आवश्यक निर्देश निर्गत करते हुए कार्य को अभियान चलाकर प्राथमिकता के आधार पर प्रगति पर लाया गया है तथा निर्धारित समयावधि में समस्त अवशेष मार्गों का शत–प्रतिशत सड़क पुनर्स्थापना कार्य पूर्ण कराया जाना प्रस्तावित है।

अधिशासी अभियन्ता

दिनांक 03.10.2026 को जनपद मे सड़क पुनर्स्थापना से सम्बन्धित कराये जा रहे कार्यों के फोटोग्राफ



विकास खण्ड – बीघापुर
राजस्व ग्राम – धानी खेड़ा



विकास खण्ड – पुरवा
राजस्व ग्राम – पल्हरी

विकास खण्ड – सि0सिरोसी
राजस्व ग्राम – जसवापुर

प्रेषक,

अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
उन्नाव।

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

पत्रांक– 2925 / W-1-A / 50 दिनांक– 03/10/2026

विषयः–दैनिक समाचार पत्र "अमर उजाला" के उन्नाव संस्करण में दिनांक 03.10.2026 को प्रकाशित ""कागजों में सड़के चकाचक...गड्ढों में गिरते–पड़ते सफर" शीर्षक खबर के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक **दैनिक समाचार पत्र "अमर उजाला" के उन्नाव संस्करण में दिनांक 03.10.2026 को प्रकाशित ""कागजों में सड़के चकाचक...गड्ढों में गिरते–पड़ते सफर"** नामक खबर के सम्बन्ध में अवगत कराना है केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन "हर घर जल" के फेज–IV के अन्तर्गत जनपद उन्नाव के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद उन्नाव के ग्रामीण क्षेत्रों में सतही स्रोत आधारित पाइप पेयजल परियोजनाओं के कार्य प्रस्तावित हैं। योजनान्तर्गत क्लस्टर– A की भौतिक प्रगति 41.30 प्रतिशत एवं क्लस्टर– B की भौतिक प्रगति 41.80 प्रतिशत है। योजना दिनांक 31.03.2028 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन को जे0जे0एम0–2.0 के रुप में दिसम्बर, 2028 तक विस्तारित किया गया है।

उक्त खबर के सम्बन्ध में आख्या पत्र के साथ संलग्न कर सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

/

(अजीत कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 व दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिषासी निदेशक, राज्य पेजयल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, उन्नाव।
3. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
5. अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति), उन्नाव।
6. मेसर्स मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता